कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून, उत्तराखण्ड।

पत्रांक– 1440 / FP/UK/OTHER/10660/2015:देहरादून:दिनांकः 30 अक्टूबर, 2017

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक (केन्द्रीय),
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय–एफ0आर0आई0,
देहरादून।

विषयः– जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत ग्राम गूलर से विद्युत आपूर्ति हेतु 33/11 के0वी0 विद्युत उप संस्थान के निर्माण हेतु 0.12 है0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्यो हेतु उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि0 को 30 वर्षो की लीज पर दिया जाना।
(ऑनलाईन फाईल संख्या– FP/UK/OTHER/10660/2015)

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ की पत्र संख्या 8बी/यूसीपी/09/63/2016/एफसी/2181 दिनांक 30–03–2017

महोदय,

कृपया भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा प्रश्नगत प्रकरण पर कतिपय शर्तो के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती के पत्रांक 751/12–1 दिनांक 06–10–2017 **(संलग्नक–1)** के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जिसे निम्न प्रकार संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है :–

1. **शर्त संख्या–1** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 120 वृक्षों के रोपण एवं उसके 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु देय धनराशि रू0 1,20,000.00 (रू0 एक लाख बीस हजार) मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा की जा चुकी है।
2. **शर्त संख्या–2** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 की देय धनराशि रू0 78,840.00 (रू0 अठहत्तर हजार आठ सौ चालीस) मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा की जा चुकी है।
3. **शर्त संख्या–3** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित रिक्त स्थानों पर वृक्षारोपण की वचन बद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–2)**
4. **शर्त संख्या–4** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित एन0पी0वी0 की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–3)**
5. **शर्त संख्या–5** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑनलाईन चालान के माध्यम से उपरोक्तानुसार कुल जमा धनराशि रू0 1,98,840.00 (रू0 एक लाख अठानब्बे हजार आठ सौ चालीस) के रसीद की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(संलग्नक–4)**

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण पर भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की विधिवत स्वीकृति निर्गत किये जाने पर विचार करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या 1440 / FP/UK/OTHER/10660/2015 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि0, नई टिहरी।

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी